# महामानव की मूर्ति स्थापना के विरोध के पीछे की शिवगामी देवी कौन : श्यामवती

## प्रतिमा विवाद ने पकड़ा तूल, आदिवासी नेत्री ने पूर्व मंत्री की प्रतिमा स्थापना में सत्ता के दबाव में प्रशासनिक उदासीनता और कार्यवाही को लेकर खड़े किए सवाल

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। प्रतिमा विवाद ने तूल पकड़ लिया है, आदिवासी नेत्री ने पूर्व मंत्री की प्रतिमा स्थापना में सत्ता के दबाव में प्रशासनिक उदासीनता और कार्यवाही को लेकर सवाल खड़े किये है।**


जनपद पंचायत कुसमी अध्यक्ष श्रीमती श्यामवती सिंह ने कहा है कि सीधी ही नही समूचे प्रदेश का सर्वहारा वर्ग और सर्व समाज यह जानना चाहता है कि आखिरकार एक महामानव राजनीतिक संत की मूर्ति स्थापना के विरोध की कलुषित मानसिकता रखने वाले भाजपा के कौन से नेता या जनप्रतिनिधि हैं। उनके चेहरे बेनकाब होने चाहिए क्योंकि वास्तविक रूप से यह मूर्ति स्थापना का विरोध नहीं बल्कि उन वर्गों का विरोध माना जाएगा जिनके आंसू पोंछने के लिए मानव सेवा से पुरस्कृत पूर्व मंत्री स्व.इन्द्रजीत कुमार ने अपना समूचा जीवन समर्पित कर दिया। आखिरकार जनता को यह जानने का हक है कि इस बाहुबली प्रशासनिक विरोध और षड्यंत्र के पीछे मेरा वचन ही है शासन की सोच रखने वाली शिवगामी देवी कौन है? जारी प्रेस विज्ञप्ति में जनपद पंचायत कुसमी अध्यक्ष श्रीमती श्यामवती सिंह ने आगे कहा कि स्वर्गीय इंद्रजीत कुमार एक राजनेता या जन नेता ही नहीं वरन मानव सेवा से पुरस्कृत राजनीतिक संत थे। विंध्य विभूति और गांधीवादी विचारधारा एवं आदर्शों के सच्चे अनुयाई थे, सीधी विधानसभा से सात बार के विधायक और म.प्र. शासन के पूर्व आवास पर्यावरण एवं शालेय शिक्षा मंत्री थे। शिष्टाचार,



सहजता, सौजन्यता और सामाजिक समरसता के संवाहक थे, सांप्रदायिक सद्भाव के प्रबल संरक्षक थे। गरीब, असहाय, वंचित, शोषित, पीड़ित एवं मजलूमों की प्रखर आवाज थे। सर्व समाज की उत्थान और प्रगति के लिए उनका संपूर्ण जीवन उद्देश्य था, दलीय प्रतिबद्धता से ऊपर उठकर सर्व दलीय उनकी स्वीकार्यता थी।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने अंत में कहा कि ऐसे महामानव की नगर पालिका परिषद सीधी के द्वारा मूर्ति स्थापना उनके महान और पुनीत कार्यों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है, उचित और सराहनीय कदम है जो प्रशंसनीय है। लेकिन भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय जनप्रतिनिधियों के इशारे पर मूर्ति स्थापना के समय सीधी जिला प्रशासन के द्वारा जिस ढंग से बेवजह अवरोध और अड़ंगेबाजी उत्पन्न करने का प्रयास किया गया वह बेहद निराशाजनक और निंदनीय है। मूर्ति स्थापना स्थल सीधी में धारा बीएनएसएस की धारा-163 (144 सीआरपीसी) की घोषणा ने यह बात तो तय कर दी है की मूर्ति स्थापना को लेकर राजनीतिक कुचक्र और षडयंत्र रचे जा रहे हैं?

### भव्य आयोजन के साथ होना चाहिए प्रतिमा का अनावरण : केदारनाथ




पूर्व विधायक वरिष्ठ नेता पं .केदारनाथ शुक्ल का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्वर्गीय इन्द्रजीत कुमार की प्रतिमा स्थापित हो गई है उसमें अब किसी तरह का विवाद उचित नही है। प्रतिमा का भव्य तरीके से अनावरण किया जाना चाहिए।

### जन भावनाओं के अनुरूप होना चाहिए प्रतिमा का लोकार्पण : विनय



विचारक एवं समाजसेवी विनय कुमार सिंह का कहना है कि सर्वहारा वर्ग एवं सर्व समाज के हितैषी, सामाजिक समरसता के प्रतीक पूर्व मंत्री स्वर्गीय इन्द्रजीत कुमार गरीब-शोषित वर्ग के हितचिंतक थे। श्री कुमार के साथ जिले सहित प्रदेशवासियों की जन भावनाएं जुड़ी हुई हैं। शासन-प्रशासन को जन भावनाओं के अनुरूप प्रतिमा का भव्यता के साथ लोकार्पण सुनिश्चित करना चाहिए।

### प्रतिमा अनावरण जरूरी नहीं अनिवार्य है : उमेश



समाजसेवी उमेश तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय इंद्रजीत कुमार अपनी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं के प्रेरणा श्रोत रहे ही है। हम जैसे कइयों के जो समता, समानता और भाईचारे पर विश्वास करते है उनके लिए भी प्रेरक रहे है। उनकी याद को बनाये रखने के लिए सीधी शहर में उनकी प्रतिमा अनावरण जरुरी नहीं अनिवार्य है उनकी प्रतिमा प्रेरणा का श्रोत बनेगी।

# निर्वाचन संबंधी प्रगति व कार्यवाहियों की दी गई जानकारी

## स्टैंडिंग कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची पुनरीक्षण की वर्तमान स्थिति, प्राप्त दावे-आपत्तियों तथा आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई।**

बैठक में बताया गया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि बढ़ाई गई है तथा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। अब तक प्राप्त ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदनों तथा डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा से यह परिलक्षित हुआ है कि अपेक्षाकृत कम संख्या में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इस पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि वे अपने कार्यकर्ताओं एवं आमजन को मतदाता सूची का अवलोकन करने तथा आवश्यकतानुसार नाम जोड़ने, संशोधन कराने अथवा आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करें। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि विधानसभा निर्वाचक नामावली-2026 में जिले के कुल 856651 मतदाता दर्ज हैं जबकि पंचायत एवं नगरीय निकायों की प्रारूप सूची में 950858 मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार दोनों सूचियों में 94207 मतदाताओं का अंतर है। इस अंतर को दूर करने के लिए पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची में अतिरिक्त दर्ज मतदाताओं की सूची तैयार कर उनका भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापन के दौरान मृतक, स्थानांतरित, अज्ञात अथवा एक से अधिक स्थानों पर दर्ज मतदाताओं के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह प्रक्रिया 15 जून तक पूर्ण की जानी है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बीएलए नियुक्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीएलए की सक्रिय सहभागिता से मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में मदद मिलेगी। बीएलए अपने क्षेत्र में ऐसे पात्र मतदाताओं की पहचान कर सकते हैं जिनके नाम सूची में शामिल नहीं हैं साथ ही मृतक, स्थानांतरित अथवा दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाताओं की जानकारी भी उपलब्ध करा सकते हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में जिपं अध्यक्ष मंजू सिंह, एडीएम बी.पी. पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक, मास्टर ट्रेनर डॉ.अरविंद त्रिपाठी, डॉ.केबी सिंह, कांग्रेस से अखंड प्रताप सिंह, भाजपा से अमित प्रधान, कम्युनिस्ट पार्टी के सुंदर सिंह बघेल, बसपा के शिवकुमार साकेत, आप के साजन अग्रहरी, संजय गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रवीण कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म वो लड़की यूट्यूब पर हुई रिलीज

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। जिले के गिजवार गांव के युवा फिल्म निर्देशक प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा निर्देशित फीचर फिल्म वो लड़की 10 जून को राही प्रोडक्शंस के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दी गई है।**

इससे पहले यह फिल्म ऑस्ट्रेलिया के रीडिंग सिनेमा में थिएटर रिलीज हो चुकी है। अब इसे विश्वभर के दर्शकों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया गया है। फिल्म के निर्देशक प्रवीण कुमार पाण्डेय ने बताया कि वो लड़की एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है जो प्रेम, विरह, आत्मचिंतन और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणादायक कहानी को दर्शाती है। फिल्म में राही, हेमा चौधरी, सनित स्वामी और पूजा कंडारे ने प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म के छायांकन की जिम्मेदारी बॉबी सिंह ने संभाली है,



जबकि संपादन सचिन गौर द्वारा किया गया है। फिल्म का निर्माण राही और देव सिद्धू ने किया है। यह फिल्म राही प्रोडक्शंस के बैनर तले ट्रैक टच ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से बनाई गई है। फिल्म की शूटिंग विदिशा जिले की सिरोंज तहसील तथा राजधानी भोपाल के विभिन्न स्थानों पर की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक फिल्म को पसंद करेंगे और इसे भरपूर प्यार देंगे। प्रवीण कुमार पाण्डेय का सीधी जिले के गिजवार गांव हुआ। उनके पिता क्षत्रमणि प्रसाद पाण्डेय तथा माता अहिल्या देवी पाण्डेय हैं। बचपन से ही उन्हें फिल्मों और मुंबई नगरी के प्रति विशेष आकर्षण था। वर्ष 2009 में उन्होंने इंद्रावती नाट्य समिति से जुड़कर रंगमंच के माध्यम से अपने अभिनय सफर की शुरुआत की। वर्तमान में वे मुंबई में रहकर अभिनेता, लेखक और निर्देशक के रूप में फिल्म उद्योग में सक्रिय हैं।

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। जिला पुलिस सीधी द्वारा आज एएसपी अरविंद श्रीवास्तव के स्थानांतरण उपरांत एक गरिमामय एवं भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। श्री श्रीवास्तव का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक एमटीएस रीवा के पद पर हुआ है।**

समारोह में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी ने श्री श्रीवास्तव के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा, प्रशासनिक



दक्षता एवं उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता का परिचय देते हुए जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा पुलिसिंग को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके कार्यों एवं सौम्य व्यक्तित्व की छाप सदैव सीधी पुलिस परिवार के साथ बनी रहेगी। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल, डीएसपी अजाक सुजीत कड़वे, जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा पुलिस कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। समारोह में श्री श्रीवास्तव के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं पारिवारिक सदस्य भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री श्रीवास्तव के साथ अपने कार्यानुभव साझा किये।

### कल विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचालन-संधारण) म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सीधी शिवेन्द्र सिंह बघेल ने बताया कि 132/33 केवी सब स्टेशन सिहावल में प्री-मानसून मेंटेनेंस एवं परीक्षण कार्य किए जाने के कारण 13 जून शनिवार को विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए बताया है कि कार्य की प्रगति एवं आवश्यकता के अनुसार शटडाउन की अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है।

# जिले भर में लगेंगे जनकल्याण शिविर, प्रशासन ने पूरी की तैयारियां, मानसून को लेकर विद्युत विभाग ने जारी की एडवाइजरी

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक संचालित विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित किए जा रहे जन कल्याण शिविरों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में अतिरिक्त सीईओ जिपं धनंजय मिश्रा ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।**



उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ त्वरित एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंड एवं नगरीय निकाय मुख्यालयों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। म.प्र. शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आयोजित होने वाले इन शिविरों में पात्र हितग्राहियों का पंजीयन, आवेदन प्राप्त करना, समस्याओं का निराकरण, विभिन्न विभागों की सेवाओं की जानकारी प्रदान करना तथा हितलाभों का वितरण किया जाएगा।

मीडिया ब्रीफिंग के दौरान संभागीय अभियंता म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जन्मेजय सिंह ने मानसून सीजन को लेकर विभागीय तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संभावित बारिश, तेज हवाओं एवं प्राकृतिक परिस्थितियों को देखते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रहा है। फील्ड स्तर पर अमले को सक्रिय रखा गया है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों एवं तकनीकी टीमों की व्यवस्था की गई है।

# ब्लॉक कांग्रेस सेमरिया की पंचायत कमेटियों का हुआ सत्यापन

नवभारत न्यूज

**सेमरिया 11 जून। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सेमरिया क्षेत्र में गठित पंचायत कांग्रेस कमेटियों के सत्यापन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।**

ग्राम पंचायत सेमरिया, बारी ऐंठी, तेंदुआ, कुर्रवाह एवं जमोड़ी में गठित पंचायत कांग्रेस कमेटियों का सत्यापन जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा की विशेष उपस्थिति, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद तिवारी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान पंचायत कांग्रेस कमेटियों के



पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सत्यापन कर संगठनात्मक संरचना की समीक्षा की गई। साथ ही पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा कांग्रेस की नीतियों और जनहित के मुद्दों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी दिलीप मिश्रा ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति गांव और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित होती है। संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाना तथा प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की जिम्मेदारियों से जोड़ना है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय और मजबूत बनाने का कार्य लगातार जारी है। संगठन सृजन अभियान के माध्यम से समर्पित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर पार्टी की विचार धारा और जनसेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्षए विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेडिकल बोर्ड ने 20 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने किया चिन्हित

नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। जिला अस्पताल सीधी में प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाले मेडिकल बोर्ड के समक्ष इस सप्ताह कुल 23 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। परीक्षण एवं चिकित्सकीय मूल्यांकन के उपरांत मेडिकल बोर्ड द्वारा 20 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु चिन्हित किया गया।**

जिला अस्पताल में नियमित रूप से मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही आयोजित की जाती है जिसके माध्यम से दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है। दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिलती है। मेडिकल बोर्ड की कार्यवाही सिविल सर्जन डॉ.एस.बी.खरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस दौरान डॉ.अमित सिंह, डॉ.अरविंद सोनी, डॉ.रवि पटेल, डॉ.हिमेश पाठक एवं डॉ.लक्ष्मण पटेल द्वारा दिव्यांगजनों का चिकित्सकीय परीक्षण एवं मूल्यांकन किया गया। वहीं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ.दीपक त्रिपाठी ने दिव्यांगजनों की कार्यात्मक क्षमता का परीक्षण कर मेडिकल बोर्ड को आवश्यक तकनीकी परामर्श प्रदान किया।

## एक नजर में

### रामगढ़ नं.2 में 100 दिवसीय ग्रामोत्सव का शुभारंभ



**सीधी।** ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर-2 में बुधवार को विकास और सांस्कृतिक चेतना का अनूठा संगम देखने को मिला। मुख्य अतिथि विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने लगभग 49 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का लोकार्पण तथा शासकीय माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में लगभग 3 .42 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित अतिरिक्त निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसी अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामगढ़ नम्बर-2 द्वारा आयोजित 100 दिवसीय ग्रामोत्सव (बारहवां) का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार, नदी पूजन एवं ग्राम विकास के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्रीमती नीतू सिंह चौहान ने की। लोकार्पण अवसर पर विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे रामगढ़ सहित आसपास के ग्रामों के नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर प्राप्त हो सकेगा। जिला समन्वयक मुकेश कुमार गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् समाज आधारित विकास की अवधारणा को मजबूत करने के लिए ग्राम स्तर पर ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित कर रही है। ग्रामोत्सव संयोजक अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने बताया कि यह ग्रामोत्सव का बारहवां वर्ष है। विगत 11 वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहे इस आयोजन का वर्तमान सत्र 10 जून से प्रारंभ होकर 11 सितम्बर 2026 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 100 दिवसीय ग्रामोत्सव के दौरान 50 से अधिक सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक, खेलकूद एवं जनजागरूकता आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

### प्रसन्न सोनी को नाटक अकादमी का प्रतिष्ठित युवा पुरस्कार



**सीधी।** जिले के युवा रंगकर्मी एवं नाट्यलेखक प्रसन्न सोनी को भारत की राष्ट्रीय संस्था संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2024 के लिए प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ युवा पुरस्कार के लिए चुना गया है। उनका चयन रंगमंच की नाट्य लेखन विधा में उल्लेखनीय योगदान के लिए किया गया है। यह उपलब्धि न केवल प्रसन्न सोनी के लिए बल्कि पूरे सीधी जिले, विंध्य क्षेत्र और म .प्र . के लिए गर्व की बात है। संगीत नाटक अकादमी भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन देश की सर्वोच्च प्रदर्शन कला संस्था है। अकादमी द्वारा संगीत, नृत्यए रंगमंचए लोक एवं जनजातीय कलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाता है। प्रसन्न रंगमंच के क्षेत्र में वर्ष 2024 के लिए यह सम्मान पाने वाले म .प्र . के इकलौते युवा हैं। प्रसन्न सोनी लंबे समय से रंगमंच से जुड़े हुए हैं और नाट्य लेखन के क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे हैं। पुरस्कार की घोषणा के बाद प्रसन्न सोनी ने भावुक होते हुए कहा यह मेरे जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण और यादगार क्षण है। सीधी जैसे छोटे शहर से निकलकर देश की सर्वोच्च सांस्कृतिक संस्था द्वारा सम्मानित किया जाना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। मैं इस सम्मान को सीधी, विंध्य क्षेत्र और मध्यप्रदेश के उन सभी युवा कलाकारों को समर्पित करता हूं जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### जिले में गरज चमक के साथ तेज हवाओं की आशंका

**सीधी।** कृषि विज्ञान केंद्र सीधी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ .शैलेन्द्र सिंह गौतम ने जिले के किसानों के लिए मौसम आधारित कृषि सलाह जारी करते हुए आगामी दिनों में गरज-चमक, तेज हवाओं तथा वर्षा की संभावनाओं को देखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि गरज-चमक के साथ चलने वाली तेज हवाओं के कारण जनजीवन एवं कृषि गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। दृश्यता कम होने तथा सड़कों के फिसलनयुक्त होने की स्थिति में वाहन चालकों एवं किसानों को यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन करना चाहिए।




# युवा केवल भविष्य का नागरिक नहीं बल्कि वर्तमान का परिवर्तनकारी नेतृत्व है : रीती

## युवा संवाद में उभरे नवाचार, रोजगार, शिक्षा और विकास के नए विजन




नवभारत न्यूज

**सीधी 11 जून। जिले के समग्र एवं दीर्घकालिक विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से रमा बल्देव पैलेस सीधी में ''विकसित सीधी-2047: युवा संवाद, चुनौतियाँ और समाधान'' विषयक युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने की।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया गया है वह देश के युवाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना संभव नहीं है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में विकसित म.प्र. के निर्माण की दिशा में शिक्षा, अधोसंरचना, रोजगार और डिजिटल सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश के इस विजन को धरातल पर उतारने के लिए विकसित सीधी-2047 की परिकल्पना को जनभागीदारी के माध्यम से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और रचनात्मक सोच ही विकसित सीधी के निर्माण की वास्तविक शक्ति है। आज का युवा केवल भविष्य का नागरिक नहीं बल्कि वर्तमान का परिवर्तनकारी नेतृत्व है। युवाओं के सुझाव और उनकी सहभागिता जिले की विकास यात्रा को नई गति प्रदान करेगी।

### प्रतिभाशाली युवाओं को किया गया सम्मानित

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 सीधी के अजय गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार सरस्वती विद्यालय मड़रिया की अनन्या विश्वकर्मा तथा तृतीय पुरस्कार पीएमश्री कन्या आदर्श विद्यालय सीधी की निक्की मिश्रा को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया।